असाइनमेंट विषय :– हिंदी कक्षा :- तीसरी शिक्षिका :- श्रीमती इंदरजीत कौर

नाम :- _______________ सेक्शन :- ________ रोल नंबर :- _______ दिनांक :- /01/2022

<u>अनेकार्थी शब्द</u>

परिभाषा- ऐसे शब्द जिनके एक से अधिक अर्थ होते हैं, अनेकार्थी शब्द कहलाते हैं।

1) **पूर्व** - दिशा ,पहले

2) **लाल** - एक रंग ,बेटा

3) **जग** - संसार, बर्तन

4) **बाल** - सिर के बाल ,बच्चे

5) **पात्र** - बर्तन,कलाकार

6) **जल** - पानी, जलना

7) **सोना**- पहनने की धातु, एक क्रिया

8) **मत**- नहीं, राय

9) **डाल** - डालना(क्रिया),पेड़ की डाल

10) **तीर** - बाण, नदी का किनारा।

<u>विराम चिह्न</u>

परिभाषा - वाक्य में रुकने का संकेत देने वाले चिह्नों को विराम चिह्न कहते हैं।

<u>प्रमुख विराम चिह्न</u>

<u>पूर्णविराम</u>- इसका चिह्न '।' है।इसे वाक्य के समाप्त होने पर लगाया जाता है।

जैसे - मेरा नाम सुमन है।

<u>अल्पविराम</u> - इसका चिह्न ', ' है। इसे वाक्य के बीच में कुछ समय रुकने के लिए लगाया जाता है।

जैसे - राजू, सीमा और रेखा यहाँ आओ।

<u>प्रश्नवाचक</u> - इसका चिह्न '? 'है। इसे प्रश्न पूछने वाले वाक्य के अंत में लगाया जाता है।

जैसे - तुम कैसे हो?

<u>विस्मयादिबोधक</u> - इसका चिह्न ' ! 'है। इसे आश्चर्य, दुख, खुशी आदि भावों को दर्शाने के लिए विस्मयसूचक शब्द के एकदम बाद लगाया जाता है।

जैसे - वाह! मैं जीत गया।

प्रश्न 1 दिए गए वाक्यों में उचित विराम -चिह्न लगाओ।

क आकाश में ग्रह उपग्रह चाँद सूरज और तारे होते हैं

ख अरे आप यहाँ कैसे आए

ग मम्मी चलो बाज़ार चलें

घ बच्चे खेल रहे हैं

ङ मुझे मत रोको कहने दो

च बस्ते में किताब कॉपी और पेंसिल रखो

प्रश्न 2 निम्नलिखित विराम - चिह्नों के नाम लिखो।

?______

। ______

! ______

, ______

उत्तर

प्रश्न 1 दिए गए वाक्यों में उचित विराम -चिह्न लगाओ।

क आकाश में ग्रह, उपग्रह, चाँद, सूरज और तारे होते हैं।

ख अरे! आप यहाँ कैसे आए?

ग मम्मी, चलो बाज़ार चलें।

घ बच्चे खेल रहे हैं ।

ङ मुझे मत रोको, कहने दो ।

च बस्ते में किताब, कॉपी और पेंसिल रखो।

प्रश्न 2 निम्नलिखित विराम - चिह्नों के नाम लिखो।

? प्रश्नवाचक

। पूर्णविराम

! विस्मयादिबोधक

, अल्पविराम